मूल्य 1 रु.
वर्षः 14 - अंक : 276, मुंबई, मंगलवार, 7 जनवरी, 2025 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादकः दिलशाद एस. खान

# दैनिक मुंबई हलचल


भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर




DESI VILLAGE
RESTAURANT & CAFE
DUBAI

## कोरोना के बाद फिर... चीनी वायरस ने बरपाया कहर



### कहां हुई थी पहली बार पहचान


जानकारी दें कि, साल 2001 में नीदरलैंड में पहली बार **HMPV** की पहचान हुई थी। यह हल्के सांस के संक्रमण से लेकर ब्रोंकियोलाइटिस और निमोनिया जैसी गंभीर बीमारियों का कारण बनता है। वहीं भारत में, विभिन्न क्षेत्रों में इसकी व्यापकता फिलहाल 1% से 19% के बीच है।

## भारत में फैल रहा HMPV, नागपुर में मिले 2 नए केस

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** भारत में जहां अब तक 7 बच्चों में HMPV संक्रमण के मामले दिखे हैं। वहीं बेंगलुरु,नागपुर और तमिलनाडु में दो-दो और अहमदाबाद में एक मामला दर्ज किया जा चुका है। इस तरह चीन में फैले इस वायरस ने भारत में भी रफ्तार पकड़ ली है। वहीं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे पी नड्डा ने चिंता दूर करते हुए कहा था कि इन मामलों के बढ़ने से कोविड जैसा प्रकोप नहीं होगा। HMPV कोई नया वायरस नहीं है। यह 2001 में ही पहचाना गया था और कई सालों से दुनिया भर में फैला हुआ है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)



## ओबेरॉय कॉम्प्लेक्स स्थित बहुमंजिला इमारत में लगी भयंकर आग

### एक बुजुर्ग की मौत, 1 घायल

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के अंधेरी इलाके में एक बहुमंजिला आवासीय इमारत में आग लग जाने से यहां एक वरिष्ठ नागरिक की दम घुटने से मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले पर अधिकारियों ने आज बताया कि आग सोमवार रात 10 बजे ओबेरॉय कॉम्प्लेक्स स्थित 13 मंजिले 'स्काई पैन' इमारत की 11वीं मंजिल पर एक फ्लैट में लगी। यह भी जानकारी दी गई कि, करीब चार घंटे बाद आग पर काबू पा लिया गया। आग लगने के बाद धुएं के कारण दो लोगों का दम घुट गया और उन्हें निकटवर्ती कोकिलाबेन अस्पताल ले जाया गया। बताया कि इनमें से एक की पहचान 75 वर्षीय राहुल मिश्रा के रूप में हुई है, जिन्हें मृत घोषित कर दिया गया जबकि दूसरे व्यक्ति रौनक मिश्रा (38) का इलाज हो रहा है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)

## मुंबई में अपराधी बेखौफ!



## राह चलते व्यक्ति को मारी गोली, कीमती सामान लेकर फरार

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र ले मिली एक खबर के अनुसार यहां दक्षिण मुंबई में सेंट जॉर्ज अस्पताल के पास एक व्यक्ति को अज्ञात हमलावर ने गोली मार दी, जिससे वह घायल हो गया। मामले पर पुलिस ने बताया कि, हमलावर पीड़ित का कीमती सामान से भरा बैग लेकर फरार हो गया। यह भी बताया गया कि यह घटना बीते सोमवार देर रात माता रमाबाई आंबेडकर मार्ग थाना क्षेत्र में पी. डीमेलो मार्ग पर हुई। पुलिस की मानें तो, पीड़ित के घुटने के नीचे गोली लगी है और उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जाती है। मुंबई पुलिस की कई टीम आरोपी की तलाश में जुटी हैं। संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था सत्यनारायण और पुलिस उपायुक्त (जोन-एक) प्रवीण मुंधे समेत वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। इस संबंध में माता रमाबाई आंबेडकर मार्ग थाने में मामला दर्ज किया गया है।

(शेष पृष्ठ 3 पर)


## महायुति में अब पालकमंत्री पर भी खटपट!

### मंत्री बावनकुले ने बताया कब होगा ऐलान

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्ववाली महाराष्ट्र की महायुति सरकार में विभागों के बंटवारे के बाद 16 दिन बीतने के बावजूद नए पालक मंत्रियों की घोषणा नहीं हो सकी है। इस वजह से महायुति में खटपट की चर्चा एक बार फिर जोर पकड़ने लगी है। लेकिन बीजेपी के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष व राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले का दावा है कि महायुति सरकार के पालक मंत्रियों की घोषणा अगले दो दिनों में कर दी जाएगी।

(शेष पृष्ठ 3 पर)



### अजित के विदेश दौरे के कारण देरी

सोमवार को नागपुर में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से मुलाकात के बाद मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि विदर्भ के 86 हजार हेक्टेयर वन भूमि के मुद्दे पर मुख्यमंत्री से चर्चा के लिए आए बावनकुले ने कहा कि महायुति सरकार के उप मुख्यमंत्री अजित पवार विदेश दौरे पर थे। इस वजह से पालक मंत्रियों पर महायुति में चर्चा नहीं हो सकी थी। लेकिन अब चर्चा करके जल्द ही घोषणा कर दी जाएगी।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### जड़ तक पहुंची समस्याएं




**ऑस्ट्रेलिया में भारतीय टीम की अंदरूनी मुश्किलों का इजहार खुल कर हुआ। पूरी सीरीज में एकमात्र चमकता सितारा जसप्रीत बूमरा रहे। मगर एक खिलाड़ी पर निर्भरता दुर्दशा का ही संकेत है। कुल मिला कर शृंखला भारत को कठिन चौराहे पर छोड़ गई है।**

ऑस्ट्रेलिया दौरे में भारतीय क्रिकेट टीम हार जाए, यह अनहोनी नहीं है। हालांकि पिछले दो दौरों में टीम वहां विजय पताका लहरा कर लौटी, मगर उसके पहले का रिकॉर्ड बेहतर नहीं है। वैसे भी हार-जीत खेल का हिस्सा है, इसलिए पराजय पर हाय-तौबा की जरूरत नहीं होती। मगर ऑस्ट्रेलिया के खत्म हुए ताजा दौरे में बात सिर्फ यह नहीं है कि भारत ने 1-3 से सीरीज गंवा दी। बात टीम की अंदरूनी मुश्किलों की है, जिसका इजहार खुल कर हुआ। पहले तो शृंखला के बीच में ही रविचंद्रन अश्विन रिटायरमेंट का एलान कर भारत लौट गए। उनके और उनके परिजनों से बयानों से साफ है कि अश्विन टीम में खुद को उपेक्षित और अपमानित महसूस कर रहे थे। अश्विन का रिकॉर्ड मैच विनर का रहा। पूरे टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में वे चंद गेंदबाजों में हैं, जिन्होंने 500 से ज्यादा विकेट लिए। भारत की ओर से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले वे दूसरे खिलाड़ी रहे। ऐसे खिलाड़ी की बे-आबरू विदाई टीम प्रबंधन पर कलंक छोड़ गई। मगर बात वहीं तक नहीं रुकी। अंतिम टेस्ट मैच आते-आते तो हालात ऐसे बने कि कोच गौतम गंभीर ने कप्तान रोहित शर्मा को ही खेलने वाले 11 खिलाड़ियों से बाहर करने का अभूतपूर्व फैसला ले लिया। इसके बावजूद सिडनी टेस्ट में भारत की बुरी हार हुई। उसके साथ ही टीम के टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में पहुंचने की बची-खुची उम्मीदें भी धूल में मिल गईं। अब हाल यह है कि टीम में रोहित के साथ-साथ विराट कोहली का भविष्य भी अनिश्चित हो गया है। मुश्किल यह है कि टेस्ट क्रिकेट का धीरज रखने वाले खिलाड़ी सामने नहीं आ रहे हैं। जो आते हैं, वे टीम प्रबंधन की गलत नीतियों का शिकार हो जाते हैं। यशस्वी जायसवाल को छोड़ कर एक भी नया खिलाड़ी नहीं है, जिससे लंबे भविष्य की उम्मीद जोड़ी जा सके। सरफराज में संभावनाएं हैं, मगर उनको मौका नहीं दिया गया। तो पूरी सीरीज में एकमात्र चमकता सितारा जसप्रीत बूमरा रहे। मगर एक खिलाड़ी पर निर्भरता टीम की दुर्दशा का ही संकेत है। कुल मिला कर यह शृंखला भारत को कठिन चौराहे पर छोड़ गई है।

# शेख मौलाना अब्दुल्ला सलफी बिन हाजी अब्दुल हमीद रहमतुल्लाह को नम आंखों के साथ उनके गांव के कब्रिस्तान में दफनाया गया



**मधुबनी।** मधुबनी रहिका प्रखंड के मौलाना अबुल कलाम आजाद नगर भौआरा पंचायत के निवासी और दैनिक क्रांति नोएडा के वरिष्ठ उप संपादक जफरुल्लाह अंसारी, माजिद श्री शेख मौलाना अब्दुल्ला सलाफी मधुबनी के पिता का लगभग सात महीने की बीमारी के बाद निधन हो गया हर संप्रदाय और पंथ के लोगों के बीच लोकप्रिय, बहुत विनम्र, ईमानदार, सौम्य, बहुत हंसमुख, सक्षम, राष्ट्र के समर्थक और राष्ट्र-प्रेमी और उनके सबसे शानदार पहलुओं में से एक उनकी सच्चाई, निर्भीकता और निर्णय की निर्भीकता है मृतक के अंतिम संस्कार की प्रार्थना के बाद शेख मौलाना मुहम्मद उजैर ने अस्त्र की प्रार्थना की और पैतृक कब्रिस्तान में दफनाया गया आमीन, मृतक के अंतिम संस्कार में राजनीतिक, सामाजिक कल्याण और शैक्षणिक हस्तियां मौजूद थे।

# बांग्लादेश की 'वाह' हो रही!

**दि** इकोनोमिस्ट ने बांग्लादेश को कंट्री ऑफ द इयर 2024 चुना है। यह एकदम सही चुनाव है। पिछले साल बांग्लादेशियों की जनरेशन जेड द्वारा शुरू की गई बगावत से शेख हसीना का सख्त राज खत्म हुआ था। पिछले ही साल एक अन्य देश, सीरिया भी एक तानाशाह के चंगुल से बाहर निकला। मगर अभी उसका भविष्य अनिश्चिततापूर्ण है।



लेकिन बांग्लादेश का भविष्य अनिश्चितता के भंवर में नहीं फंसा। अर्थशास्त्री मोहम्मद युनुस के नेतृत्व में छात्रों, सेना, व्यापरियों और नागरिक समाज से समर्थन से एक अस्थायी सरकार बनाई गई जो बहुत जल्दी देश में कानून-व्यवस्था बहाल करने और अर्थव्यवस्था को स्थिरता प्रदान करने में कामयाब रही।

बांग्लादेश में 2024 में जो कुछ हुआ, वह किसी ने नहीं सोचा था। दुनिया की नजरों में और उसकी समझ में हसीना एक शानदार नेता थीं। उन्हें एशिया की आयरन लेडी कहा जाता था। उनकी तारीफों के पुल बांधे जाते थे। बांग्लादेश को भूख और गरीबी से मुक्त विकसित राष्ट्र बनाने का उनका नारा सबको प्रभावित करता था। उन्होंने देश के इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाया और अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाईयां दीं। लेकिन इस सबके बीच किसी को भी इस बात का एहसास नहीं हुआ कि हसीना का विकास ऐसा था जिसमें बांग्लादेश तो तरक्की कर रहा था, लेकिन बांग्लादेशी नहीं। धीरे-धीरे देश पर उनका पूर्ण नियंत्रण कायम होता गया। वे दमनकारी बन गईं। उन्होंने विरोधियों को जेलों में डाल दिया। मीडिया पर रोकें लगा दीं और सेना और पुलिस से विरोध प्रदर्शनों पर गोलीबारी करने को कहा। चुनावों में धांधलियों के जरिए सत्ता पर उनका कब्जा कायम रहा और भ्रष्टाचार भयावह स्तर तक पहुंच गया। लेकिन दुनिया तब भी यही मानती रही कि बांग्लादेश तेजी से तरक्की कर रहा है। अब जब कि वे देश छोड़कर भारत में शरण लेने को मजबूर हो गईं हैं, उनके विकास की पोल खुल गई है। पर्दा उठ गया है और हकीकत सबके सामने है।

पिछले साल दिसंबर में आई एक रपट में दावा किया गया कि बांग्लादेश के विकास के दावे बढ़ाचढ़ाकर पेश किए जा रहे थे और जीडीपी के आंकड़ों में हेराफेरी की जा रही थी। करीब 385 पेजों की यह रपट, अंतरिम सरकार (जिसका नेतृत्व माईक्रोक्रेडिट के चमत्कारिक नतीजों से दुनिया को परिचित करवाने वाले मोहम्मद युनुस के हाथों में है) द्वारा नियुक्त विशेषज्ञों के एक दल द्वारा तैयार की गई है। इस दल को बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था के सभी पहलुओं की पड़ताल करने का काम सौंपा गया था।

विश्वनीय आंकड़ें उपलब्ध न होने पर किसी देश की आर्थिक गतिविधियों के आकलन के लिए विश्व बैंक ने एक नया फामूर्ला निकाला है। और वह है उपग्रहों के जरिये यह पता लगाना कि उस देश में रात में कितना प्रकाश रहता है। उस फामूर्ले के आधार पर इस दल ने विकास के नए अनुमान की गणना की। उसने पाया कि 2018-19 में विकास की दर वास्तव में 3 प्रतिशत के आसपास रही होगी जबकि आधिकारिक आंकड़ों में इसके लगभग 7 प्रतिशत होने का दावा किया गया था। रपट में राजनीतिज्ञों पर आरोप लगाया गया है कि उन्होंने जीडीपी के अनुमानों में हेराफेरी की ताकि घरेलू और वैश्विक स्तर पर प्रोपेगेंडा किया जा सके। ढाका से आई एक अन्य रपट में हसीना के राज में चुनाव आयोग द्वारा किए गए घपलों पर प्रकाश डाला गया है। न केवल 2014, 2018 और 2024 के विवादास्पद चुनावों, बल्कि उनके पहले के सभी राष्ट्रीय चुनावों में अनियमितताएं की गईं, जिससे शेख हसीना सत्ता पर काबिज रह सकीं। इस अवधि में करीब 18 करोड़ लोगों को वोट नहीं देने दिया गया।

इस सबका क्या मतलब है? पहला, शेख हसीना की बांग्लादेश वापिसी नामुमकिन है। दूसरा, भारत पर एक बड़ी जिम्मेदारी है। भारत पर नोबेल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री मोहम्मद युनुस के नेतृत्व वाली कार्यवाहक सरकार को कमजोर करने का प्रयास करने का आरोप लगाया जा रहा है। नयी सरकार का भारत के प्रति रवैया अपेक्षाकृत कम अनुकूल है और वह भारत के साथ रिश्तों पर नए सिरे से विचार करने की बात कह रही है

इसलिए भारत के लिए यह जरूरी है कि वह बड़े भाई की भूमिका निभाए, मोहम्मद युनुस की सहायता करे और बांग्लादेश में हिंदुओं की प्रताड़ना के आरोपों से जो कूटनीतिक समस्याएं उभरी हैं, उन्हें सुलझाने का प्रयास करे। क्योंकि भारत को अपनी सुरक्षा की खातिर बांग्लादेश की दोस्ती की जरूरत है। भारत अपने एक ओर पड़ोसी के चीन की गोद में बैठ जाने का जोखिम नहीं उठा सकता। चीन बांग्लादेश से अपने आर्थिक और सैन्य रिश्तों और बीएनपी और सामान्य नागरिकों में भारत के प्रति आशंका और विद्वेष के भाव का फायदा उठाने की फिराक में है। उसने बांग्लादेश को 5 अरब अमरीकी डालर का अतिरिक्त अनुदान और कर्ज देने का वायदा किया है।

आज की स्थिति में बांग्लादेश में शांति है। नफरत के सैलाब के बाद हालात बेहतर होने की उम्मीदें बंध रही हैं। लेकिन यदि वहां एक नया संकट उत्पन्न होता है तो बहुत चिंताजनक हालात बन सकते हैं। नया साल बांग्लादेश के लिए अच्छा साबित हो सकता है यदि वह देश के अन्दर और उसके बाहर भी रिश्ते बेहतर बन सके।

जहां तक भारत का सवाल है, उसे अर्थव्यवस्था के झूठे आंकड़ों, चुनाव आयोग के कठपुतली बन जाने जैसे मसलों पर सोचना चाहिए। उसे बांग्लादेश के लिए सिरदर्द नहीं बनना चाहिए। इस मामले में बांग्लादेश और सारी दुनिया को भारत से बहुत सी अपेक्षाएं और उम्मीदें हैं।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक- **दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व), मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल, साई मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301, इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड, मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# मुंबई मॉयनॉरीटी कॉँग्रेस की ओर से ख्वाजा गरीब नवाज के 813 वे उर्स के मौके पर अजमेर के लिए चादर रवाना

## मुंबई मॉयनॉरीटी अध्यक्ष हाजी इब्राहिम भाईजान के नेतृत्व मे भेजी गई अजमेर शरीफ चादर

**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** हर साल के मुताबिक इस साल भी मुंबई कॉंग्रेस मॉयनौरीटी कमिटी की ओर से मुंबई कॉंग्रेस कमिटी के अध्यक्ष हाजी इब्राहिम भाईजान कि ओर से हजरत सुफी ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती रहमतुल्लाह के 813 वे उर्स के मौके पर अजमेर के लिए चादर रवाना कि गई। सूफी हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती रहमतुल्लाह के दरगाह पर उर्स शुरू हो गया है। इसके साथ ही दरगाह पर चादर पेश करने का दौर शुरू हो चुका है। रविवार को मुंबई मॉयनॉरीटी कॉंग्रेस कि ओर से अजमेर शरीफ दरगाह के लिए चादर रवाना की गई। मुंबई मॉयनॉरीटी कॉंग्रेस के अध्यक्ष हाजी इब्राहिम भाईजान ने बुलंद दुनिया न्युज चॅनल को मुलाखात देते हुए कहा कि इंतेहाई अकीदत व एहतराम के साथ मैं ख़्वाजा



गरीब नवाज मोइनुद्दीन चिश्ती अजमेरी (रहमतुल्लाह) के 813 वें उर्स मुबारक के मौके पर अपनी और कांग्रेस पार्टी की ओर से चादर रवाना करते हुए खुद को बेहद खुशकिस्मत महसूस कर रहा हूँ। मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष होने के नाते उस परंपरा को निभाने का मौका मिला जो साल-दर-साल हमारी पार्टी निभाती है। इसके पीछे देश के हर नागरिकों का कल्याण और विश्व कल्याण की भावना है। चादर चढ़ाने के पीछे हमारे देश की गंगा-जमुनी तहजीब, कौमी एकता, आपसी भाईचारा, प्यार व मोहब्बत, अदब और रवादारी की अलामत है। हाजी इब्राहिम भाईजान ने कहा कि पूरी दुनिया को इससे यह संदेश जाना चाहिए कि हिंदुस्तान में कौमी इत्तेहाद और भाईचारा की जड़ें इतनी गहरी हैं कि वे चंद झोंकों और विकृत सोच के लोगों द्वारा हिलाई नहीं जा सकती हैं।

उन्होने कहा कि हमारे पुरखों ने संविधान बनाते समय कौमी एकता की भावना को केंद्र में रखा था जिसकी हिफाजत करना हर भारतीय का कर्तव्य है। अमन चैन और भाईचारे का संदेश ख़्वाजा की बारगाह से पूरी दुनिया में जाना चाहिए। हम दुआ करें कि मुल्क के अंदर अमन, शांति, प्यार व मोहब्बत, जम्हूरियत और सदियों पुरानी गंगा-जमुनी तहजीब चांद और सूरज की मौजूदगी तक कायम रहे। इस वक्त बांद्रा टर्मिनल रेल्वे स्टेशन पर अजमेर शरीफ चादर रवाना करते समय मुंबई कॉंग्रेस अध्यक्ष हाजी इब्राहिम भाईजान के साथ मुंबई मॉयनॉरीटी कॉंग्रेस के सिनियर उपाध्यक्ष कय्युम तांबोली, महाराष्ट्र कॉंग्रेस कमिटी मॉयनॉरीटी के सचिव एंव मुंबई मॉयनॉरीटी के महासचिव पत्रकार जफरसिद्दीकी, मुंबई कॉंग्रेस कमिटी मॉयनॉरीटी के सरचिटणिस हाजी अब्दुल रफीक, सरचिटणिस इरशाद काजी, सरचिटणिस उसमान खान, चिराग भाई, इमरान मर्चंट, के सैकडो पदाधिकारी कार्यकार्ता एंव गणमान्य लोग मौजुद थे।

# मराठी पत्रकार दिवस के उपलक्ष में 10 जनवरी को सांगली में पत्रकार सम्मान और पत्रकार कार्यशाला रखी गई है

**सांगली इस्लामपुर।** यह सम्मान समारोह शुक्रवार 10-1-2025 को रोटरी हॉल, विश्राम बाग में आयोजित किया गया है और कार्यक्रम के अध्यक्ष स्थान पर विधायक सत्यजीत देशमुख रहेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीपजी कसालकर एवं मुख्य उपस्थिति में सा.मि.कु. मनपा उपायुक्त वैभव साबळे, दैनिक लोकमत के संपादक हनमंत पाटिल, टिळक महाराष्ट्र विश्वविद्यालय के समन्वयक डॉ. हेमंत मोरे, सांगली आकाशवाणी कार्यालय प्रमुख श्रीनिवास जरांडीकर, दैनिक बंधुता के संपादक अमरसिंह देशमुख आदि गणमान्य की उपस्थिति मैं दो सत्र में आयोजित किया गया है, जिस मैं सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक आमंत्रित गणमान्यों के द्वारा उद्घाटन और आदर्श पत्रकार सम्मान जिस में 1) सुनील माने, उप संपादक दैनिक पुढारी, 2) विकास शाह, दैनिक





लोकमत, 3) मोहनराव राजमाने दैनिक नवराष्ट्र (डिजिटल) 4) मोहनराव मोहिते दैनिक लोकमत, 5) अशोकराव पवार (झी 24 तास स्टिकर प्रतिनिधि) एवं जल संरक्षण और वृक्षारोपण के लिए काम करने वाले एक अनुकरणीय सामाजिक कार्यकर्ता सुनील पाटील और एक अनुकरणीय शिक्षका मनीषा प्रकाश संकपाल जिला परिषद पाठशाळा मदनेवस्ती कंठी ता.जत इन सभी मन्यवरो का सम्मान किया जाएगा. इसके बाद दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक पत्रकारिता विशेषज्ञ पत्रकारों का मार्गदर्शन करेंगे। इस का आयोजन राज्य ओर जिला मनपा की और किया जा रहा हैं ऐसी जानकारी केंद्रीय पत्रकार संघ (सेंट्रल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स) के सांगली जिला अध्यक्ष रवींद्र लोंढे, सांगली जिला उपाध्यक्ष संपत आनंदराव जाधव और सचिव महेश भिसे ने दी।

(पृष्ठ 1 का समाचार)

### कोरोना के बाद फिर चीनी वायरस ने बरपाया कहर

विशेषज्ञों का भी कहना है कि HMPV में कम ही अस्पताल में भर्ती होने की जरूरत पड़ती है और समय पर इलाज से जटिलताओं को रोका जा सकता है। इन सबके बीच राजधानी दिल्ली समेत कई राज्यों ने एडवाइजरी जारी की है। जिसमें कर्नाटक, महाराष्ट्र और गुजरात भी शमिल हैं। वहीं इस वायरस को लेकर सोशल मीडिया पर बढ़ती आशंकाओं और चर्चाओं पर प्रतिक्रिया देते हुए नड्डा ने एक वीडिया संदेश में कहा सरकार पूरी सक्रियता से स्थिति की निगरानी कर रही है और सार्वजनिक पर सुरक्षा के लिए आवश्यक उपाय लागू कर रही है। महाराष्ट्र की बात करें तो, यहां उपराजधानी नागपुर में HMPV संक्रमण के 2 मामले दिखे हैं। इस वायरस के लक्षण यहां दो बच्चों में मिले हैं। इनकी HMPV टेस्ट की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। कहा जा रहा है कि, नागपुर के एक अस्पताल में दो बच्चों को उपचार के लिए भर्ती कराया गया था। बीते 3 जनवरी 2025 को कराए गए टेस्ट में सात साल के बच्चे और 13 साल की बच्ची की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। दोनों बच्चे खांसी और बुखार से ही पीड़ित थे। वहीं राजधानी मुंबई की बात करें तो बृहन्मुंबई महानगरपालिका (BMC) ने YRLS सोमवार को कहा कि मुंबई में 'ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस' (HMPV) का कोई मामला नहीं पाया गया है। BMC ने एक विज्ञप्ति में कहा कि केंद्र और महाराष्ट्र सरकारों ने आश्वासन दिया है कि एचएमपीवी किसी बड़ी चिंता का विषय नहीं है और इसे फैलने से रोकने के लिए आवश्यक सावधानियां बरती जा रही हैं।

### बहुमंजिला इमारत में लगी भयंकर आग

वहीं प्रथम दृष्टया अग्निशमन विभाग को संदेह है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी लेकिन आग लगने के वास्तविक कारण की जांच की जा रही है। जानकारी दें कि, बीते 16 अक्टुबर को मुंबई के अंधेरी वेस्ट स्थित लोखंडवाला कॉम्प्लेक्स के रिया पैलेस में आग में झुलस कर 3 लोगो की मौत हो गई थी। तब इस इमारत के 10वें से लेकर 14वें फ्लोर तक आग लगी थी, फायर ब्रिगेड की 10 गाड़ियों ने जैसे तैसे आग बुझाई थी। वहीं मरने वालों में 2 बुजुर्ग और उनका एक हेल्पर था। घर में सिर्फ बुजुर्ग और उनका एक हेल्पर रहता था। बुजुर्ग जोड़े का बेटा विदेश में रहता है, ऐसा बताया गया था।

### महायुति में अब पालकमंत्री पर भी खटपट!

सोमवार को उन्होंने महायुति में खटपट की अटकलों को खारिज करते हुए कहा कि अगले दो दिनों में सभी जिलों के लिए पालक मंत्री घोषित कर दिए जाएंगे। विधानसभा चुनाव में बीजेपी, एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की एनसीपी के गठबंधन वाली महायुति को पूर्ण बहुमत मिलने के बाद भी मुख्यमंत्री की घोषणा में करीब 12 दिन लग गए। क्योंकि बीजेपी और शिवसेना में सीएम पद को लेकर रस्साकशी चल रही थी। 5 दिसंबर को सीएम और दो मुख्यमंत्रियों के शपथ ग्रहण बाद भी मंत्री मंडल विस्तार में करीब 10 दिन और लग गए। क्योंकि मुख्यमंत्री पद नहीं मिलने के कारण नाराज डीसीएम शिंदे बाद में गृह मंत्रालय की मांग पर अड़ गए थे। 15 दिसंबर को मंत्रिमंडल विस्तार के बाद विभागों के बंटवारे में लगभग 6 दिन और बर्बाद हो गए। 21 दिसंबर को विभागों के बंटवारे के बाद उम्मीद थी कि पालक मंत्री की घोषणा जल्द ही कर दी जाएगी लेकिन महायुति में खटपट के कारण 16 दिन बाद भी महायुति सरकार के नए पालक मंत्रियों की घोषणा नहीं हो सकी है।

### मुंबई में अपराधी बेखौफ!

जानकारी दें कि, दक्षिण मुंबई के कोलाबा स्थित ताज महल पैलेस होटल के पास बीते सोमवार को एक ही नंबर प्लेट वाली दो कारें खड़ी मिलीं। पुलिस ने दोनों कारों के चालकों को जांच के लिए कोलाबा पुलिस थाने ले गई थी। वहीं कारों को भी थाने ले जाया गया था। मामला दोपहर करीब 12:30 बजे प्रकाश में आया, जब किसी ने देखा कि होटल के बाहर दो रवश एक-दूसरे के करीब खड़ी हैं और दोनों की नंबर प्लेट एक जैसी है, जिसके बाद यातायात पुलिस को सूचित किया गया। इस बात की जांच चल रही है कि दोनों कारों की नंबर प्लेट एक जैसी कैसे है और इनमें से कौन सी जाली है। वहीं चालकों के बयान भी दर्ज किए जा रहे हैं और उनके द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर आगे की कार्रवाई हो रही है।



# मलाड वेस्ट में राधे ढोकला में लगी भीषण आग, फायर ब्रिगेड की 3 गाड़ियां आग बुझाने के लिए रही मौजूद

**मुंबई हलचल/शोएब म्यानुंर**

**मुंबई।** सोमवार सुबह मुंबई के मलाड़ वेस्ट में लिबर्टी गार्डन के पास बीएमसी पी नोर्थ वार्ड ओफीस से कुछ दुरी पर सुरत गुजरात के फेमस राधे ढोकला नामक एक स्नेक्स शोप में आग लगी। मिली जानकारी के मुताबिक ३ फायर ब्रिगेड की गाड़ीयां आग बुझाने के तैनात की गई। और आगे बुझाने का काम शुरू किया गया। फायर ब्रिगेड आग को काबू कर लिया है आग कैसे लगी उसके बारे में अभी पता नहीं चला है।

## आठवीं बजट पूर्व परामर्श बैठक का हुआ आयोजन

# वित्त मंत्री से ट्रेड यूनियन प्रतिनिधि बोले- 5000 रुपए प्रति माह दें ईपीएफओ पेंशन आयकर छूट बढ़ाकर करें 10 लाख रुपए, गिग वर्कर्स को भी दें सामाजिक सुरक्षा

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त और कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को हितधारकों और ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधियों के साथ आठवीं बजट पूर्व परामर्श बैठक की। इस दौरान केंद्रीय बजट 2025-26 की तैयारियों पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान ट्रेड यूनियनों के दृष्टिकोण को समझने की कोशिश की गई। वित्त मंत्रालय ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि केंद्रीय वित्त और कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने नई दिल्ली में आगामी केंद्रीय बजट 2025-26 के संबंध में हितधारकों और ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधियों के साथ आठवीं प्री-बजट परामर्श बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी के साथ-साथ वित्त सचिव, आर्थिक मामलों के विभाग और निवेश व सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभाग के सचिवों और श्रम मंत्रालय के प्रतिनिधियों सहित शीर्ष अधिकारियों ने भाग लिया। भारत सरकार में मुख्य आर्थिक सलाहकार भी मौजूद रहे।

**बजट में सुपर रिच पर अधिक टैक्स लगाएं**

**8 वेतन आयोग के तत्काल गठन की मांग की**




**सरकारी कर्मचारियों के लिए ओपीएस बहाल करें**

ट्रेड यूनियनों ने ईपीएफओ पेंशन को 5 गुना बढ़ाकर 5000 रुपए प्रति महीने करने, 8वें वेतन आयोग के तत्काल गठन और आगामी बजट 2025-26 में सुपर रिच पर अधिक टैक्स लगाने की मांग की। ट्रेड यूनियन नेताओं ने इनकम टैक्स छूट सीमा को बढ़ाकर 10 लाख रुपए प्रति वर्ष करने, गिग वर्कर्स के लिए सामाजिक सुरक्षा स्कीम और सरकारी कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना (ओपीएस) को बहाल करने की भी मांग की।

**कृषि श्रमिकों की न्यूनतम मजदूरी तय करें**

टीयूसीसी के राष्ट्रीय महासचिव एसपी तिवारी ने कहा कि सरकार को सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों का निजीकरण और निगमीकरण बंद कर देना चाहिए। कृषि श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान की जाए तथा उनकी न्यूनतम मजदूरी भी तय की जाए।

### पेंशन से होने वाली आय करमुक्त करें

भारतीय मजदूर संघ के संगठन सचिव (नॉर्त जॉन) पवन कुमार ने कहा कि ईपीएस-95 के तहत न्यूनतम पेंशन को पहले कदम के रूप में 1000 रुपए प्रति माह से बढ़ाकर 5,000 रुपए मासिक किया जाना चाहिए तथा बाद में इसे वेरिएवल महंगाई भत्ता से जोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि इनकम टैक्स छूट की सीमा बढ़ाकर 10 लाख रुपए की जाए। साथ ही पेंशन से होने वाली आय को भी टैक्स से मुक्त किया जाना चाहिए।

**कर्मचारियों की कमी चिंताजनक**

सीआईटीयू के राष्ट्रीय सचिव स्वदेश देव रॉय ने भी मांग की कि 8वें वेतन आयोग का तुरंत गठन किया जाना चाहिए क्योंकि फरवरी 2014 में 7वें वेतन आयोग के गठन के बाद से 10 साल से अधिक समय बीत चुका है। उन्होंने सीपीएसई में स्थायी कर्मचारियों की संख्या में 8 लाख से अधिक की गिरावट पर भी चिंता व्यक्त की।

## खबर संक्षेप

### लाड़की बहन से खजाने पर पड़ रहा है बोझ



**मुंबई।** महायुति सरकार की लाड़की बहन योजना को महाराष्ट्र के कृषि मंत्री ने आर्थिक बोझ करार दिया है। कृषि मंत्री माणिकराव कोकाटे ने कहा कि लाड़की बहन योजना से राज्य के खजाने पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। इसके चलते कृषि ऋण माफी योजना लागू नहीं हो पा रही है। कोकाटे ने कहा कि लाड़की बहन योजना के चलते पैदा हुए वित्तीय तनाव हो गया है।

### दिल्ली में एक करोड़ 55 लाख से अधिक मतदाता




**नई दिल्ली।** दिल्ली में विधानसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग ने सोमवार को अंतिम मतदाता सूची जारी कर दी है। इस बार एक करोड़ 55 लाख से ज्यादा मतदाता अपने मत का इस्तेमाल करेंगे। आयोग के मुताबिक, अंतिम मतदाता सूची में कुल 1,55,24,858 मतदाता है। जिसमें 83 लाख पुरुष और 71 लाख महिला मतदाता शामिल हैं। अब जल्द ही चुनाव की तारीखों का एलान होगा।

### जहर खाकर दी जान

**सहारनपुर।** सहारनपुर के चिलकाना में साइबर ठगी का शिकार हुई एक युवती ने जहर खाकर जान दे दी। ठग ने युवती को बताया था कि उसकी 25 लख रुपए की लॉटरी निकली है। लॉटरी की इस राकम को पाने के लिए पहले 1.50 लाख रुपये का टैक्स जमा कराना पड़ेगा।

## पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए दी रेल परियोजनाओं की सौगात

# वह समय दूर नहीं जब भारत में पहली बुलेट ट्रेन दौड़ेगी, रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर में बड़ा बदलाव

पीएम मोदी ने कहा कि भारत में रेलवे के विकास को हम चार पैरामीटर्स पर आगे बढ़ा रहे हैं। इसमें पहला रेलवे के इंफ्रास्ट्रक्चर का आधुनिकीकरण, दूसरा रेलवे के यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं, तीसरा रेलवे की देश के कोने-कोने में कनेक्टिविटी और चौथा रेलवे से रोजगार का निर्माण, उद्योगों को सहयोग शामिल है



मुंबई हलचल / नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये रेल परियोजनाओं की सौगात दी। उन्होंने जम्मू रेलवे डिवीजन का शुभारंभ किया। साथ ही तेलंगाना में चार्लापल्ली न्यू टर्मिनल स्टेशन का उद्घाटन किया। इसके अलावा ओडिशा के पूर्वी तट रायगढ़ रेलवे मंडल भवन की आधारशिला रखी। पीएम मोदी ने कहा कि 2025 की शुरुआत से ही भारत कनेक्टिविटी की तेज रफ्तार बनाए हुए है। मैंने रविवार को दिल्ली एनसीआर में 'नमो भारत' ट्रेन का शानदार अनुभव लिया और दिल्ली मेट्रो की अहम परियोजनाओं की शुरुआत की। रविवार को भारत ने बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल की है। हमारे देश में अब मेट्रो नेटवर्क एक हजार किलोमीटर से ज्यादा का हो गया है। पीएम मोदी ने कहा कि 2-3 दिन पहले मैं एक वीडियो देख रहा था इसमें वंदे भारत ट्रेन का नया स्लीपर वर्जन ट्रायल में 180 किमी/घंटा की गति से चल रहा था। यह न केवल मुझे अच्छा लग रहा है, बल्कि निश्चित रूप से सभी को अच्छा लगा होगा। यह तो बस शुरुआत है। वह समय दूर नहीं जब देश में पहली बुलेट ट्रेन चलेगी।

### जम्मू रेल मंडल और तेलंगाना में टर्मिनल स्टेशन का किया शुभारंभ

**ओडिशा में पूर्वी तट के रायगढ़ रेलवे मंडल भवन की आधारशिला रखी**



**एक दशक रेलवे का ऐतिहासिक परिवर्तनकारी रहा**

पीएम मोदी ने कहा कि हमने देखा है, पिछला एक दशक भारतीय रेलवे के ऐतिहासिक परिवर्तन का रहा है। रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर में एक बदलाव आया है। इससे देश की छवि बदली है और देशवासियों का मनोबल भी बढ़ा है। भारत में रेलवे के विकास को हम चार पैरामीटर्स पर आगे बढ़ा रहे हैं। इसमें पहला रेलवे के इंफ्रास्ट्रक्चर का आधुनिकीकरण, दूसरा रेलवे के यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं, तीसरा रेलवे की देश के कोने-कोने में कनेक्टिविटी और चौथा रेलवे से रोजगार का निर्माण, उद्योगों को सहयोग शामिल है।

### पर्यटन, व्यापार को बढ़ावा मिलेगा

पीएम मोदी ने कहा कि रायगढ़ रेलवे मंडल ओडिशा में रेलवे संपर्क को मजबूत करेगा, खासकर दक्षिणी क्षेत्र में जहां राज्य के अधिकतर आदिवासी रहते हैं। यह रेलवे मंडल क्षेत्र में पर्यटन, व्यापार और रोजगार को बढ़ावा देने में मददगार साबित होगा। इस अवसर पर ओडिशा के सीएम मोहन चरण माझी और रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह रायगढ़ में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। ओडिशा के राज्यपाल कंभमपति हरि बाबू भुवनेश्वर से शामिल हुए।

### रेल कनेक्टिविटी में अद्भुत विस्तार हुआ

पीएम मोदी ने कहा कि बीते 10 साल में रेल कनेक्टिविटी का भी अद्भुत विस्तार हुआ है। 2014 तक देश में सिर्फ 35 प्रतिशत रेल लाइनों का विद्युतीकरण हुआ था। आज भारत रेल लाइनों के शत-प्रतिशत विद्युतीकरण के करीब है। हमने रेलवे की पहुंच को भी लगातार बढ़ाया किया है। बीते 10 साल में 30 हजार किमी से ज्यादा नए रेलवे ट्रैक बिछाए गए हैं। साथ ही सड़क संपर्क बढ़ाने के लिए हजारों ओवरपास और अंडरपास भी बनाए गए हैं। आज लोग कम समय में लंबी दूरी तय करना चाहते हैं। इसलिए हमने पूरे देश में हाई-स्पीड ट्रेनें चलाई हैं।

### जम्मू-कश्मीर में नया रिकॉर्ड बनाया

पीएम मोदी ने कहा कि हमारा जम्मू-कश्मीर आज रेल इंफ्रास्ट्रक्चर में नए रिकॉर्ड बना रहा है। उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लाइन की चर्चा आज पूरे देश में है। ये परियोजना जम्मू-कश्मीर को देश के और हिस्सों के साथ और बेहतरी से जोड़ेगी। इसी परियोजना के तहत दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे केबल पुल चिनाब का काम भी पूरा हुआ है। मोदी कहा कि जम्मू-कश्मीर, तेलंगाना और ओडिशा में रेल बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की शुरुआत से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और इन क्षेत्रों में सामाजिक-आर्थिक विकास में प्रगति होगी। करीब 107 करोड़ रुपए की इस परियोजना का उद्देश्य रेलवे के बुनियादी ढांचे को बढ़ाना है।

**इस वर्ष इसका 15वां संस्करण होगा प्रधानमंत्री या रक्षा मंत्री कर सकते हैं उद्घाटन**

# 10 से 14 फरवरी तक बेंगलुरु में होगा एयरो इंडिया-2025 का आयोजन

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

दुनिया के कुछ भागों में जारी युद्ध के चुनौतीपूर्ण माहौल के बीच अगले महीने 10 से 14 फरवरी तक बेंगलुरु के येलहंका एयरफोर्स स्टेशन में एशिया के सबसे बड़े वैमानिक शो 'एयरो इंडिया-2025' का आयोजन किया जाएगा। जिसमें देश-दुनिया के कई मुल्क अपने सैन्य साजो सामान, हथियारों व उपकरणों के साथ प्रदर्शनी लगाएंगे और आसमान में भारतीय वायुसेना के विमानों के साथ आकर्षक एयर शो का हिस्सा बनेंगे। इस वर्ष एयरो इंडिया का 15वां संस्करण होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा इसका उद्घाटन किया जा सकता है। रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान जारी कर बताया कि 2025 का मुख्य विषय द रनवे टू ए बिलियन आर्पोच्युनिटीज पर केंद्रित रहेगा। जिससे यह विदेशी, भारतीय रक्षा उत्पाद निर्माता कंपनियों के बीच साझेदारी बनाने और स्वदेशीकरण की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए वैश्विक मूल्य श्रृंखला के लिए नए मार्ग तलाशने के लिए एक मंच प्रदान करेगा।

### 13 से 14 फरवरी तक आम जनता देखेगी प्रदर्शनी

मंत्रालय ने बताया कि इस पांच दिवसीय कार्यक्रम के शुरुआती तीन दिन यानी 10 से 13 फरवरी तक व्यावसायिक दिन होंगे। जबकि 13 और 14 फरवरी को सार्वजनिक दिनों के रूप में आम जनता प्रदर्शनी का प्रत्यक्ष गवाह बनेगी। एयरो इंडिया में भाग लेने वाले दुनिया के बाकी देशों के बारे में मंत्रालय ने फिलहाल कोई जानकारी नहीं दी है। एक पूर्वावलोकन कार्यक्रम, उद्घाटन समारोह, रक्षा मंत्रियों का सम्मेलन, मुख्य कार्यकारी अधिकारियों की गोलमेज बैठक, मंथन स्टार्टअप कार्यक्रम, एयर शो, भारतीय मंडप सहित एक विशाल प्रदर्शनी क्षेत्र और वैमानिकी क्षेत्र की कंपनियों का एक व्यापार मेला कार्यक्रम में शामिल है। साथ ही रक्षा मंत्री, रक्षा राज्य मंत्री, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष और सचिव स्तर पर कई द्विपक्षीय बैठकें आयोजित की जाएंगी। इनमें मित्र देशों के साथ रक्षा व एयरोस्पेस संबंधों को मजबूती प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। जिससे साझेदारी को अगले स्तर तक ले जाने के लिए नए मार्गों की तलाश करना आसान होगा।

### भारतीय स्टार्टअप को मिलेगा बढ़ावा

एयरो इंडिया में भारतीय स्टार्टअप को बढ़ावा देने पर भी ध्यान दिया जाएगा। उनके द्वारा विकसित अत्याधुनिक तकनीकों, उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला को आईडीईएक्स पैवेलियन में प्रदर्शित किया जाएगा। यह पैवेलियन स्वदेशी रक्षा विनिर्माण क्षमताओं और वैश्विक मंच के लिए तैयार अत्याधुनिक तकनीकों का प्रदर्शन करेगा। गतिशील एरोबैटिक व लाइव प्रौद्योगिकी प्रदर्शन आधुनिक एयरोस्पेस प्लेटफॉर्म की क्षमता को प्रदर्शित करेंगे। सीईओ गोलमेज सम्मेलन में विदेशी मूल उपकरण निर्माता को देश में अनुकूल मंच मिलने की उम्मीद है। कई वैश्विक सीईओ, सीएमडी और कंपनियों के अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक भाग लेंगे।

**पिछले साल 7 लाख लोगों ने देखी प्रदर्शनी**

मंत्रालय ने 2024 का आंकड़ा देते हुए कहा कि आगंतुकों की कुल संख्या 7 लाख से अधिक थी। 98 देशों के गणमान्य व्यक्ति, व्यवसायों, निवेशकों, स्टार्टअप, एमएसएमई सहित 809 प्रदर्शक एयरो इंडिया का हिस्सा बनें। इसमें 201 एमओयू, प्रमुख घोषणाएं, उत्पाद लांच और 75 हजार करोड़ रुपए से अधिक मूल्य के प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और 250 से अधिक साझेदारियां हुई। इस वर्ष मंत्रालय ने इन उपलब्धियों को पार करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

## लापरवाही का आरोप लगाकर परिजनों ने दर्ज कराया केस

# गर्म चाय गिरने से झुलसी बच्ची, अस्पताल में हो गई मौत

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

फरीदाबाद के एक निजी अस्पताल में नौ महीने की बच्ची की डाक्टरों की लापरवाही से मौत हो गई। यह आरोप बच्ची के पिता ने निजी अस्पताल पर लगाए हैं। दयालपुर के रहने वाले अर्जुन के अनुसार उनकी नौ महीने की बेटी वाकर से 30 दिसंबर को घर में खेल रही थी। बेटी वाकर को चला कर किचन तक पहुंच गई। जहां पर चाय बन रही थी। चाय बच्ची के ऊपर गिर गई। इसके चलते चाय से बच्ची के पांव बुरी तरह जल गए। इसके बाद उसे पास के ही अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर उनकी बेटी का डॉक्टर ने इलाज शुरू किया। इलाज करने वाले डॉक्टर कमल, सिद्दीकी और जीके शर्मा सहित अन्य डॉक्टर स्टाफ उनकी बच्ची के इलाज में 30 दिसंबर से लगे हुए थे, लेकिन लगातार उनकी बेटी की तबीयत बिगड़ रही थी और डॉक्टर उन्हें झूठी तसल्ली दे रहे थे।

### सर्वोदय अस्पताल ने बच्ची को भर्ती करने किया इनकार



अर्जुन ने बताया कि डॉक्टर ने एक लाख जमा कराने की बात कही। इसके चलते उन्होंने अपनी बेटी को डिस्चार्ज करने की डॉक्टर से जिद की। डॉक्टर कमल और सिद्दीकी ने कहा कि आप एक लाख रुपये जमा कर दीजिए। इसके बाद उसने जबरदस्ती बेटी को निकाला। यहां से वह सर्वोदय अस्पताल ले गए। अस्पताल के डॉक्टरों ने दाखिल करने से मना कर दिया। वह ग्रेटर फरीदाबाद स्थित अमृता अस्पताल लेकर गए, जहां पर उनकी बेटी ने दम तोड़ दिया।

थाना आदर्श नगर प्रभारी हरिकिशन का कहना है कि बच्ची का पोस्टमार्टम करा दिया है और पिता अर्जुन की शिकायत पर तीनों डॉक्टर के खिलाफ लापरवाही के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### पिता बोले- गलत इलाज से बिगड़ी

अर्जुन ने बताया कि उसने बार-बार डॉक्टर से बेटी को डिस्चार्ज करने और किसी अन्य अस्पताल में भेजने के लिए कहा, लेकिन डॉक्टर उन्हें यह आश्वासन देते रहे कि आप बेफिक्र रहें, आपकी बेटी सही है। जल्दी ठीक हो जाएगी। लेकिन सोमवार सुबह उनकी बेटी की तबीयत ज्यादा बिगड़ गई। इसके बाद उनकी बेटी को बिना पूछे आईसीयू में भेज दिया। जब उन्होंने अपनी बेटी की तबीयत के बारे में पूछा तो डॉक्टर कमल और सिद्दीकी ने कहा आप घबराइए नहीं आपकी बेटी ठीक हो जाएगी।

# अलाव सेंक रहे बच्चों पर गिरा हाइटेंशन तार

**संत कबीर नगर।** संतकबीरनगर में रविवार को एक बड़ा हादसा हो गया, यहां मेंहदावल तहसील क्षेत्र के धर्मसिंहवा थाना क्षेत्र में अलाव सेंक रहे बच्चों पर हाईटेंशन लाइन का तार गिर गया जिससे तीन बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए। ग्रामीणों ने बच्चों को तत्काल PHC में भेजा, जहां डॉक्टरों ने उनकी हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक यह हादसा धर्मसिंहवा थाना क्षेत्र के मेंहदुपार गांव की है, यहां बाहर बच्चे अलाव सेंक रहे थे। इसी दौरान सड़क पर हाईटेंशन तार गिर गया और बच्चों की चपेट में आ गया। इससे अंशिका, आयुष और आरती गंभीर रूप से झुलस गए। आसपास के लोगों के शोर मचाने पर भीड़ जुट गई, ग्रामीण बच्चों को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मेंहदावल लाए जहां से अंशिका और आयुष को खलीलाबाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## रिश्ते में मृतक युवती का चचेरा फूफा है युवक

# चाकुओं से हत्या कर लाश पार्क में फेंकने वाला युवक मुठभेड़ में घायल, गिरफ्तार

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

कौशाम्बी थाना क्षेत्र के पोडियम पार्क में चाकू से गोदकर हत्या करने के मामले में कौशांबी पुलिस ने रविवार की रात में उसके चचेरे फूफा को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है । मुठभेड़ के दौरान पुलिस द्वारा चलाई गई गोली से आरोपी घायल हो गया। पुलिस ने उसके कब्जे से 1 तमन्चा, 1 जिन्दा कारतूस, 1 खोखा कारतूस व आलाकल्ल रक्तरंजित चाकू बरामद किया है म।

एसीपी स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि 31 दिसंबर की रात में सोनी (20) नामक एक युवती की रक्तरंजित लाश कौशांबी थाना क्षेत्र स्थित पोडियम पार्क में बरामद हुई थी। सोनी के परिजनों ने उसकी पहचान करते हुए उसके चचेरे फूफा पर हत्या करने का आरोप लगाया था। पुलिस तभी से आरोपी की तलाश कर रही थी।




### आरोपी ने पुलिस पार्टी पर फायर किया

रविवार की रात में थाना कौशांबी पुलिस चेकिंग अभियान चला रही थी। तभी सेक्टर 2/5 वैशाली की पुलिया पर एक संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया ।जिसे रुकने के लिए कहा तो यह एलिवेटिड रोड के नीचे कच्ची सड़क पर भागने लगा। बदमाश का शक होने पर उसका पीछा किया गया। तो उसने पुलिस पार्टी पर फायर कर दिया। आत्मरक्षार्थ पुलिस पार्टी की फायरिंग में युवक को पैर में गोली लगी। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम नीरज निवासी भोवापुर थाना कौशाम्बी बताया। वह कल्याणपुर थाना जहांगीराबाद जनपद बुलन्दशहर का मूल निवासी है।

## निफ्टी भी लुढ़क कर 23,700 अंक नीचे आया

# तिमाही नतीजों, एचएमपीवी वायरस की चिंता में सेंसेक्स ने लगाया 1,258 अंक का गोता

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 1,258 अंक का गोता लगा गया। एनएसई निफ्टी भी लुढ़क कर 23,700 अंक के नीचे आ गया।

कारोबारियों के अनुसार, कंपनियों के तीसरी तिमाही के वित्तीय नतीजों को लेकर चिंता और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की पूंजी निकासी के बीच चौतरफा लिवाली से बाजार नुकसान में रहा। इसके अलावा नये एचएमपी वायरस को लेकर चिंता, रुपये की विनिमय दर में गिरावट तथा एशिया के अन्य बाजारों में कमजोर रुख से भी कारोबारी धारणा पर असर पड़ा।

■ एफआईआई की पूंजी निकासी से चौतरफा बाजार में नुकसान

### सेंसेक्स 78,000 अंक से नीचे पहुंचा

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,258.12 अंक का गोता लगाकर 78,000 अंक के नीचे 77,964.99 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 1,441.49 अंक तक लुढ़क गया था। निफ्टी भी 388.70 अंक यानी 1.62 प्रतिशत की गिरावट के साथ 23,616.05 अंक पर बंद हुआ।



### टाटा स्टील व एनटीपीसी रहे नुकसान में

सेंसेक्स में शामिल तीस शेयरों में टाटा स्टील, एनटीपीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, इंडसइंड बैंक, पावरग्रिड, जोमैटो, अदाणी पोर्ट्स, एशियन पेंट्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा और रिलायंस इंडस्ट्रीज प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। केवल दो शेयर टाइटन और सन फार्मा लाभ में रहे।

### एचएमपीवी वायरस को लेकर बढ़ी चिंता

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, अमेरिका में नई आर्थिक नीतियों को लेकर अनिश्चितता के बीच उभरते बाजारों में गिरावट आई है। इसके अलावा डॉलर की मजबूती और अन्य कारणों ने मिलकर बाजार धारणा को नकारात्मक रूप से प्रभावित किया। बाजार में तेज गिरावट का प्राथमिक कारण ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) को लेकर चिंता है।

### एफआईआई ने 4227 करोड़ के शेयर बेचे

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने कर्नाटक में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस के दो मामलों की पुष्टि की है। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने शुक्रवार को 4,227.25 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी लाभ में जबकि जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहे। यूरोप के प्रमुख बाजारों में मिला-जुला रुख रहा। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को बढ़त में रहे थे।

### निफ्टी व बैंक निफ्टी डीएमए से नीचे आए

स्वस्तिका इनवेस्टमार्ट के शोध प्रमुख संतोष मीणा ने कहा, ''घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को जोरदार गिरावट आई। निफ्टी और बैंक निफ्टी दोनों अपने 200 'डे मूविंग एवरेज' (डीएमए) से नीचे आ गए। बिकवाली का कारण विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी और तीसरी तिमाही के परिणामों को लेकर चिंता है।''

### बीएसई के सभी सूचकांक नुकसान में रहे

मीणा ने कहा, ''इसके अलावा, नये एचएमपी वायरस ने भी बाजार धारणा को कमजोर किया। इससे हाल की कुछ तेजी के बाद नये सिरे से बिकवाली हुई।'' छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 3.17 प्रतिशत टूटा, जबकि मझोली कंपनियों से संबंधित मिडकैप 2.44 प्रतिशत के नुकसान में रहा। बिजली, सेवा, धातु, ऊर्जा समेत बीएसई के सभी खंडवार सूचकांक नुकसान में रहे।

# काशी विश्वनाथ मंदिर में स्पर्श दर्शन 26 फरवरी तक बंद, महाशिवरात्रि पर रात भर खुलेगा मंदिर



**वाराणसी।** प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ मेला को देखते हुए काशी विश्वनाथ मंदिर में स्पर्श दर्शन पर 26 फरवरी तक रोक लगा दी गई है। यह निर्णय महाकुंभ से आने वाले श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ को देखकर लिया गया है, क्योंकि महाकुंभ से दस करोड़ श्रद्धालुओं के काशी आने का अनुमान है। अब महाकुंभ के दौरान बाबा विश्वनाथ के झांकी दर्शन ही मिल सकेंगे। मंदिर में महाशिवरात्रि और सावन का प्रोटोकॉल लागू रहेगा। काशी विश्वनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए दिसंबर के अंतिम सप्ताह से ही स्पर्श दर्शन पर रोक लगाई गई थी, जिसे अब आगे बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। मंदिर प्रशासन के अनुसार, यह निर्णय श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा को ध्यान में रखते हुए लिया गया। मंदिर प्रशासन ने इस दौरान आरती का समय भी जारी किया है। साथ ही, सोमवार और पूर्णिमा को होने वाली आरती के समय में बदलाव रहेगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, सिर्फ एक से चार जनवरी के बीच 18 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने बाबा विश्वनाथ के दर्शन किए हैं। 2024 में रोजाना श्रद्धालुओं की औसत संख्या 1.70 लाख रहती थी, जो जनवरी 2025 में बढ़कर दो लाख औसत से ज्यादा हो चुकी है। महाशिवरात्रि पर बाबा विश्वनाथ के दर्शन रात भर होंगे। 26 फरवरी की सुबह 2.15 बजे मंगला आरती शुरू होगी, जिसे बाद दर्शन के लिए कपाट खोल दिए जाएंगे। इसके बाद दोपहर में मध्याह्न भोग आरती 11.35 बजे होगी, जिसके बाद करीब 20-25 मिनट के लिए कपाट बंद रहेंगे। इसके बाद शाम को होने वाली सप्तऋषि आरती और रात में होने वाली श्रृंगार भोग आरती नहीं होगी। रात में शयन आरती भी नहीं होगी।



# खाने में टेस्टी ही नहीं, सेहत के लिए भी फायदेमंद है यह सब्जी

**कटहल की मसालेदार सब्जी का नाम सुनते ही मुंह में पानी आने लगता है। भले ही इसको बानाने में बहुत समय लगता है। मगर जो इसको खाने का मजा आता है वो तो शायद ही कोई बता पता होगा। खाने में टेस्टी यह सब्जी हैल्थ के लिए भी बहुत फायदेमंद है। इसमें इसमें विटामिन ए, सी, थाइमिन, पोटाशियम, कैल्शियम, आयरन, फॉलिक एसिड, मैग्नीशियम जैसे कई तरह के गुण पाए जाते हैं जो कि सेहत के लिए काफी फायदेमंद होते हैं।**

## तो चलिए जानते हैं कटहल खाने से होने वाले फायदों के बारे में।

**1. पाचन तंत्र होगा मजबूत**

कटहल के बीजों में फाइबर की प्रचुर मात्रा पाई जाती है। इसको खाने से पाचन तंत्र मजबूत होता है। जिन लोगों को पेट से संबंधित समस्याएं रहती हैं उनको हफ्ते में कम से कम 2 बार कटहल की सब्जी जरूर खानी चाहिए।

**2. आंखो के लिए फायदेमंद**

आंखों की समस्याओं से परेशान हैं तो कटहल बहुत फायदेमंद है। इसमें विटामिन ए होता है आंखों की बिमारियां जैसे मोतियाबिंद, रात का अंधापन कम करने में भी मददगार है।

**3. एनीमिया से बचाने में**

कटहल के बीजों में आयरन की भरपूर मात्रा होती है। इनको खाने से हीमोग्लोबीन का स्तर बढ़ता है। अगर आपके शरीर में खून की कमी है तो कटहल के बीजों को खाना शुरू करें।

**4. थायराइड रोगियों के लिए फायदेमंद**

जिन लोगों को थायराइड की समस्या हो उनके लिए कटहल किसी औषधी से कम नहीं है। इसमें पाएं जाने वाले पोषक तत्व थायराइड को कंट्रोल करते हैं।

**5. कैंसर से बचाव**

इसके बीजों में एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है। इसमें पाए जाने वाले गुण शरीर की कोशिकाओं को टूटने से बचाता है। इसके साथ ही यह कैंसर से भी बचाता है।

# माइग्रेन हो या गठिए का दर्द, इन घरेलू तरीकों से करें इलाज!



आए दिन हमें सेहत संबंधी किसी न किसी परेशानी से दो-चार होना ही पड़ता है। कभी पेट में दर्द तो कभी सिर दर्द होना आम बात है। वहीं, कुछ लोग तो अस्थमा, साइनस, गठिया, माइग्रेन आदि जैसी बीमारियों से चिंतित रहते हैं। दवाइयों का सेवन करने पर भी कभी-कभी समस्या ज्यादा बढ़ जाती है। इससे राहत पाने के लिए दवाइयों के अलावा कुछ छोटे-मोटे घरेलू नुस्खे भी अपनाए जा सकते हैं ताकि धीरे-धीरे इन्हें कंट्रोल किया जा सके।

**1. अस्थमा**

गुनगुने पानी में शहद मिलाकर पीने से अस्थमा से राहत मिलती है।

**2. साइनस**

साइनस होने पर नाक के चारों तरफ जैतून का तेल लगाएं।

**3. गठिया**

लहसुन के रस में कपूर मिलाकर मालिश करने से फायदा मिलता है।


**3. माइग्रेन**

सरसों के बीज का पाउडर और पानी मिक्स करके इसका पेस्ट नाक पर लगाएं।

**4. कब्ज**

सोने से पहले दूध के साथ इसबगोल की भूसी खाएं, इससे कब्ज दूर हो जाती है।

# क्या एक्ने वाली स्किन पर अंडा लगाना सही होगा?



आजकल ज्यादातर लड़कियां चेहरे पर एक्ने यानी मुहांसे होने की समस्या से परेशान हैं। वह इनसे राहत तो पाना चाहती हैं। मगर अपने चेहरे पर यह सोचकर कुछ नहीं लगाती कहीं उनके द्वारा लगाएं जाने वाले ब्यूटी प्रॉडक्ट्स से और मुहांसे ना निकल आएं। यही कारण है कि वह अपने चेहरे पर कुछ भी लगाने से डरती हैं। अगर कोई उनको कहे कि अंडा लगाने से मुहांसे दूर हो जाएंगे तो उनका जवाब होगा पागल है क्या? ये तो मेरा चेहरा और खराब कर देगा। मगर ऐसा नहीं है। मुहांसों से राहत पाने के लिए अंडा बहुत ही फायदेमंद है।

## एग व्हाइट हैं मुहांसों का काल

आपको जानकर हैरानी होगी कि अंडा लगाने से मुहांसे दूर होते हैं। पिंपल दूर के लिए एग व्हाइट का इस्तेमाल करें। इसमें अमीनो एसिड होता है जो पिंपल हटाने और त्वचा को बेदाग बनाने में मदद करता है। दिन में 3 से 4 बार पिंपल्स पर एग व्हाइट लगाएं। आपको फर्क दिखाई देने लगेगा।



# फेशियल करवाने के बाद भूलकर भी ना करें ये 5 गलतियां वरना...

बेदाग और ग्लोइंग चेहरा पाने के लिए लड़कियां पार्लर जाकर फेशियल करवाती हैं। अगर शादी, पार्टी या किसी खास मौके पर जाना हो तो फेशियल करवाना तो बनता है। कुछ महिलाएं तो 30 की उम्र के बाद महीने में एक बार फेशियल जरूर करवाती हैं। लेकिन कुछ महिलाओं को यह नहीं पता होता कि फेशियल करवाने के बाद क्या नहीं करना चाहिए। उनके द्वारा बरती गई थोड़ी सी भी असावधानी के कारण चेहरे की त्वचा पर रिएक्शन का खतरा बढ़ जाता है। आपको भी फेशियल करवाने के बाद इन कामों से बचना चाहिए।

**1. 4 घंटे तक साबुन या फेसवॉश न लगाएं**

जब भी आप फेशियल करवाएं तो इस बात का ध्यान रखें की तकरीबन 4 घंटे तक आप चेहरे को साबुन या फेसवॉश से ना धोएं। क्योंकि इनका इस्तेमाल करने से त्वचा में रिएक्शन हो सकता है। इसके साथ जब भी मुंह धोएं तो हल्के-हल्के छींटे मारें। टॉवल से चेहरा ना रगड़ें।

**2. धूप में न निकलें**

फेशियल करवाने के बाद चेहरे के सभी रोम छिद्र खुल जाते है और पोर्स बड़े हो जाते हैं। ऐसे में फेशियल करवाने के तुरंत बाद आप तेज धूप में जाते हैं तो त्वचा पर रिएक्शन होगा और दाने भी निकल सकते हैं।

**3. तीन से 4 दिनों तक ना करें स्क्रब**

तीन से 4 दिनों तक स्क्रब ना करें। दरअसल फेशियल करवाने से गंदी स्किन निकल जाती है और नए टिशूज बनने में कम से कम 2 दिन लगते हैं। ऐसे में अगर आप चेहरे पर स्क्रब करते हैं तो वह बुरी तरह से छिल भी सकता है। वैसे भी फेशियल करवाने के बाद कई दिनों तक आपको स्क्रबिंग की जरूरत नहीं पड़ती।

**4. फेसमास्क न लगाएं**

फेशियल करवाने के बाद कम से कम एक हफ्ते तक चेहरे पर किसी भी तरह का कोई फेस मास्क ना लगाएं। क्योंकि मास्क लगाने से फेशियल से आई सारी ग्लो खत्म हो जाती है।

**5. थ्रेडिंग न करवाएं**

फेशियल करवाने के बाद थ्रेडिंग करवाने की भूल ना करें। क्योंकि फेशियल से स्किन बहुत ज्यादा मुलायम हो जाती है। ऐसे में अगर आप थ्रेडिंग करवाते हैं तो त्वचा के कटने और छीलने का डर बना रहता है। अगर आपने थ्रेडिंग करवानी ही है तो फिशयल से पहले करवाएं।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# बिपाशा बसु क्यों ठुकराती रही फेयरनेस क्रीम के विज्ञापन



**बॉलीवुड** फिल्म इंडस्ट्री में कई स्टार आए और गए। कुछ अपने दम पर इस मुकाम पर पहुंचे तो कुछ ने अपने परिवार का सहारा लिया। लेकिन कुछ सितारे ऐसे भी है जिन्हें यहां तक पहुंचने में कई मुश्किलों का सामना करने पड़। ऐसी मुश्किलें जो उन्हें कमजोर बना सकती थी। उन सितारों में एक नाम बिपाशा बसु का भी है। एक्ट्रेस ने अपने सावले रंग के कारण काफी ताने सुने थे। लेकिन आज वो अपने टैलेंट के दम पर उस मुकाम पर पहुंच गई है जहां वे जाना चाहती थी। बिपाश अपना 46वां जन्मदिन मना रही है। बिपाशा बसु लगभग 24 साल से हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में काम कर रही है। उन्होंने अपने टैलेंट और हिमत के बल पर वो मुकाम हासिल कर लिया है जिसके कभी वे सपने देखा करती थी। एक्ट्रेस ने खुद एक इंटरव्यू में बताया है कि उन्हें उनके सावले रंग के कारण कितने ताने सुनने को मिलते थे। रिपोर्ट के अनुसार बिपाशा ने अपने करिया की शुरूआत मॉडलिंग से की थी। उन्होंने बताया कि उन्हें शुरूआत में फेयरनेस क्रीम के कई ऑफर मिलते थे पर उन्होंने हमेशा उसे ठुकराया। एक्ट्रेस का कहना था कि गोरा करने वली क्रीम और अन्य प्रोडक्ट लोगों में फर्क पैदा करते है। एक्ट्रेस ने अपने मॉडलिंग के समय की चर्चा करते हुए बताया कि तब भी लोग उनके सांवलेपन का मजाक उड़ाते थे। एक्ट्रेस ने बताया कि उनसे हमेशा कहा जाता था कि मॉडलिंग करने के लिए गोरा होना जरूरी है। लेकिन फिर भी बिपाशा ने हार नहीं मानी और किसी के तानो को खुद पर हावी नहीं होने दिया और सभी को गलत साबित किया।

# 8 फ्लॉप फिल्मों के बाद सितारा बनकर उभरे थे आमिर खान

**बॉलीवुड** सुपरस्टार आमिर खान हिन्दी सिनेमा जगत में नंबर वन सितारों में से हैं। एक्टर की हर फिल्म हमेशा सुपरहिट होती है। लेकिन उन्हें अपने करियर की चुक पर पहुंचने के काफी मेहनत करनी पड़ी है। ऐसे में चलिए आज हम आपको उनके करियर के किस्से के बारे में बताते हैं। दरअसल, आमिर खान इंडस्ट्री के सबसे बेहतरीन कलाकार है। उन्हें मिस्टर परफेक्शनिस्ट के नाम से जाना जाता है। लेकिन जब एक्टर ने अपने करियर की शुरूआत की, तो उनकी लगातर 8 फिल्में फ्लॉप रही हैं। हालांकि, इसके बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और उनकी एक नई फिल्म दिल साल 1990 रिलीज हुई। जिससे एक्टर की किस्मत चमकी और यह सबसे ज्यादा हिट रही है। आपको बता दें, आमिर खान ने कयामत से कयामत तक साल 1988 में अपने करियर की शुरूआत की है। इसके बाद फिल्म साल 1990 में दिल रिलीज आई थी। इस फिल्म का निर्देशन इंद्र कुमार ने किया था। आमिर खान के ये फिल्म उनके लिए वरदान साबित हुई थी और उस वक्त सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बनी थी। अब हाल ही में डायरेक्टर इंद्र कुमार ने इस फिल्म पर बात की। उन्होंने बात करते हुए कहा कि अगर दिल भी फ्लॉप हो जाती तो उनका और आमिर खान करियर बिल्कुल चमक नहीं पाता। इसके बाद इंद्र कुमार ने आमिर खान के टैलेंट खूब तारीफ की और कहा कि उन्हें बस सही मौका मिलने की देरी थी। इंद्र ने बोला कि फिल्म दिल आमिर खान के करियर का एक टर्निंग प्वाइंट रही। उस फिल्म से आमिर खान के करियर ने उड़ान भरी और उन्होंने फिर कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा था। खास बात ये है कि इंद्र कुमार की पहली फिल्म दिल थी।



# डेंगू से ठीक होने के बाद टाइगर श्रॉफ ने दी हेल्थ अपडेट

बॉलीवुड एक्टर और जैकी श्रॉफ के बेट टाइगर श्रॉफ अक्सर अपनी धमाकेदार फिल्मों से तहलका मचाते रहते हैं। पिछले साल रिलीज हुई उनकी फिल्म बड़े मियां, छोटे मियां ने थिएटर में खूब धमाल मचाया था। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी जमकर कलेक्शन किया था। इन सबके बीच साल 2025 की शुरूआत में ही एक्टर डेंगू बुखार से पीड़ित हो गए थे। वहीं अब सोशल मीडिया पर फोटो शेयर कर उन्होंने अपनी हेल्थ अपडेट शेयर की है। दरअसल, अभिनेता ने सोमवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी शर्टलेस तस्वीर पोस्ट की। जिसमें उन्होंने ठीक होने के बाद अपने पतले फिगर को दिखाया। इस पोस्ट को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में दिया कि डेंगू बुखार से ठीक होने के एक दिन बाद यह तस्वीर। इस तस्वीर के सामने आने के बाद फैंस भर-भर के कमेंट कर रहे हैं और उनके ठीक होने की प्रार्थना कर रहे हैं। इसी बीच एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा कि, एक्शन हीरो ऑन द स्पॉट। दूसरे ने कहा कि, आपका दिल स्वस्थ रहे। तीसरे ने लिखा कि, जल्दी ठीक हो जाओ टाइगर।

